Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding upgradation of ESIC Hospital in Naroda, Gujarat into a Multi Speciality Hospital- laid

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व): मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद पूर्व के नरोडा में एक ईएसआईसी अस्पताल है। अस्पताल का कुल क्षेत्रफल लगभग 66571 वर्ग मीटर है, जिसमें से लगभग 26628 वर्ग मीटर भूमि टीपी योजना संख्या:-98 अंतर्गत अहमदाबाद (एएमसी) द्वारा मेडिकल कॉलेज और उनकी गतिविधियों के लिए आरक्षित रखी गई है और शेष 39943 वर्ग मीटर ई एस आई सी के पास है|

वर्तमान में ईएसआईसी अस्पताल केवल ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत सदस्यों का ही इलाज कर रहा है। हालांकि अस्पताल में 210 बिस्तरों की क्षमता है, लेकिन वर्तमान में केवल 50 रोगियों को ही भर्ती किया जा रहा है और ओपीडी भी बहुत कम है, क्योंकि बापूनगर में एक और ईएसआईसी (अत्याधुनिक) अस्पताल है।

मेरा माननीय श्रम और रोजगार मंत्रीजी से विनम्र अनुरोध है कि उसी अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी जनरल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाए और एएमसी से एक नया मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए उपरोक्त आरक्षित भूखंड की मांग की जाए। यह अस्पताल अहमदाबाद (पूर्व) और खेड़ा संसदीय क्षेत्रों की जनता के लिए मददगार होगा।